डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1155 दिनॉक 05 अगस्त, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर प्रथम चरण की परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत आने वाले छात्र / छात्राओं के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर प्रथम चरण की परीक्षाएं जो दिनांक 08 जून 2024 से दिनांक 15 जुलाई, 2024 के मध्य सम्पन्न करायी गयी थी। उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले जो छात्र / छात्रा परीक्षा के दौरान अनुचित साधन प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत पाये गये हैं, ऐसे सभी छात्र / छात्राएं अपना स्पष्टीकरण पत्र के माध्यम से **दिनांक 15 अगस्त, 2024 तक** परीक्षा विभाग के ईमेल aktuufm@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। ताकि संबंधित छात्र / छात्रा के परीक्षा परिणाम जारी होने के पूर्व संबंधित छात्र के द्वारा प्रस्तुत पक्ष पर UFM समिति द्वारा अवलोकन करते हुए यथोचित निर्णय लिया जा सके। यदि किसी छात्र / छात्रा द्वारा निर्धारित उक्त तिथि तक अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र / छात्रा को कुछ नहीं कहना है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि संबंधित छात्र द्वारा अपना स्पष्टीकरण देते समय **अनुक्रमांक एवं संबंधित विषय कोड** अवश्य लिखा जाय तथा ई–मेल केवल एक ही बार किया जाय।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त से संबंधित छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

05/08/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक